खबर संक्षेप

मझगवां वन क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त,वन अपराध दर्ज

सतना। चित्रकूट उपवनमण्डल क्षेत्र के मझगवां वन परिक्षेत्र के अंतर्गत बीट पीपरीटोला में वन विभाग की टीम ने अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। 18 अक्टूबर की रात्रि गश्त के दौरान वन कर्मियों को कक्ष क्रमांक 870 के अंदर जंगल से लाइट दिखाई दी। शक होने पर जब गश्ती दल मौके पर पहुंचा,तो वहां रेत से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मिली। कुछ देर बाद चालक अर्जुन प्रजापति वहां पहुंचा और पूछताछ में उसने घरेलू कार्य के लिए अवैध रूप से रेत निकालना स्वीकार किया। वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया और आरोपी चालक के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन संपदा की अवैध निकासी और तस्करी के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी तथा आमजन से अपील की गई है कि वे ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत वन कार्यालय को दें।

ग्राम भेड़ा में नवमी पर विशाल भंडारे का आयोजन,श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

मैहर। शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर मैहर जिले के ग्राम भेड़ा में पंडित रामनिवास उरमलिया द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में पूरे गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मां दुर्गा का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। भंडारे के दौरान गांव में भक्ति,श्रद्धा और सामाजिक समरसता का अद्भुत माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। ग्रामीणों ने उरमलिया परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए सामूहिक रूप से उनका आभार जताया।

मैहर में गरबा महोत्सव की धूम,विधायक ने बढ़ाया उत्साह

मैहर। पैलेस में आयोजित 'गरबा महोत्सव' में भक्ति और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने डांडिया कर रहे प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक एकता का प्रतीक है। पारंपरिक परिधानों में सजे युवाओं ने भक्ति गीतों की धुन पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी,पंडित रामनिवास उरमलिया सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे और आयोजन की सराहना की।



सतना में नवरात्रि की धूम

रोशनी से जगमगा उठा शहर, महाष्टमी और नवमी पर उमड़ी भक्तों की भारी भीड़





सतना। विंध्य की सांस्कृतिक नगरी सतना में इस बार नवरात्रि का पर्व असीम उत्साह,भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। शहर के प्रमुख बाजारों से लेकर गली-मोहल्लों तक हर तरफ उत्सव का एक अलौकिक माहौल देखने को मिल रहा है। आकर्षक रोशनी,भव्य पंडालों और मां दुर्गा के जयकारों से पूरा सतना शहर सराबोर हो गया है।

रोशनी से नहाया बाजार और अलौकिक सजावट

नवरात्रि के इन पावन दिनों में शहर के व्यापारिक और मुख्य बाजार क्षेत्र में गजब की आकर्षक सजावट की गई है। विद्युत झालरों और भव्य लाइटिंग से पूरा शहर दूधिया रोशनी में नहाया हुआ नजर आ रहा है। इस वर्ष शहर के कई प्रमुख चौराहों और इलाकों को बेहद खूबसूरती से सजाया गया है। प्रमुख रूप से लालता चौक,आजाद चौक,बजराह टोला,कवरराम टॉकीज क्षेत्र,कबाड़ी टोला,जवाहर नगर,राजेंद्र नगर, पन्नीलाल चौक,हनुमान चौक,पुराना नगर निगम तिराहा और कृष्णा नगर सहित तमाम क्षेत्रों में की गई भव्य सजावट राहगीरों का मन मोह रही है।इन आकर्षक नजारों को अपने कैमरे में कैद करने और मां के दर्शन करने के लिए शाम ढलते ही सड़कों पर लोगों का तांता लग रहा है,जो देर रात तक बना रहता है।

भव्य प्रतिमाएं और श्रद्धालुओं का सैलाब

शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थापित मां दुर्गा और मां काली की भव्य व मनमोहक प्रतिमाएं आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित शहर पहुंच रहे हैं। जगह-जगह सजे इन पंडालों को देखने के लिए शाम से लेकर देर रात तक सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ रही है,जिससे पूरा शहर मेले की तरह नजर आ रहा है।

जगह-जगह भंडारे और लंगर का आयोजन

नवरात्रि के इस पावन पर्व पर विभिन्न नवदुर्गा उत्सव समितियों और सामाजिक संगठनों द्वारा लगातार लंगर व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण और शहरी इलाकों से आने वाले दूर-दराज के श्रद्धालुओं को इन भंडारों में प्रसाद ग्रहण करने का पूरा आनंद मिल रहा है। सेवाभाव की यह अनूठी मिसाल शहर की भव्यता को और बढ़ा रही है।

महाष्टमी और नवमी पर मंदिरों में गूंजे जयकारे

सोमवार को महानवमी के पावन अवसर पर शहर के सभी देवी मंदिरों में अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिरों में विधि-विधान के साथ विशेष पूजा-अर्चना की गई और हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारे आयोजित किए गए। केवल सार्वजनिक पंडालों में ही नहीं,बल्कि शहर के तमाम श्रद्धालुओं ने देवी प्रतिमाओं के पंडालों के साथ-साथ अपने-अपने घरों में भी कन्या पूजन और भंडारे का विशेष आयोजन किया। मां के जयकारों और घंटे-घड़ियालों की गूंज से पूरा सतना जिला भक्तिमय और ऊर्जावान बना हुआ है।

बजरहा टोला में खूनी विवादः एक ही परिवार के चार लोग घायल



सतना। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरहा टोला में बीती रात आपसी विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि हमलावरों ने धारदार हथियार और पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,जिन्हें तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई और मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने अस्पताल में भर्ती घायलों के बयान दर्ज कर लिए हैं और उनके आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुट गई है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है,जिसे देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है और अधिकारियों का कहना है कि दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

परसमनिया सुरदहा घाट पर ऑटो पलटने से 14 लोग घायल, 4 की हालत गंभीर

सतना। जिले के परसमनिया क्षेत्र स्थित सुरदहाघाट पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया,जिसमें सवारियों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में ऑटो में सवार कुल 14 लोग घायल हो गए,जिनमें से 4 की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और आला अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से नागौद के सिविल अस्पताल भेजा गया,जहां प्राथमिक उपचार किया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 4 गंभीर रूप से घायल मरीजों को बेहतर इलाज के लिए सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस दुर्घटना के बाद प्रशासन ने पहाड़ी और घाट वाले रास्तों पर वाहनों के संचालन के दौरान सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने और ओवरलोडिंग रोकने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों से बचा जा सके।





महापौर ने शहर में विकास और निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

सतना। नगर निगम के महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाजार क्षेत्र में निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क और नारायण मुक्तिधाम के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।महापौर ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और तय समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं,ताकि आम नागरिकों को सुगम आवागमन और बेहतर जनसुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि शहर में उच्च स्तर के विकास कार्य कराना निगम की प्राथमिकता है। बाजार क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी,पी.के.जैन तथा मुक्तिधाम के निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य गोपी गिलानी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

चित्रकूट में अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का भव्य आयोजनः छठे दिन गूंजे प्रभु श्रीराम के जयकारे



सतना। चित्रकूट स्थित श्रीराघव प्रयाग घाट पर संस्कृति विभाग और श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का छठा दिन अत्यंत रोमांचक और भक्तिमय रहा। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों की सराहना की। दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुए इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट महिलाओं ने सहभागिता की। तुलसी शोध संस्थान और दिव्यांग विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि प्रभु श्रीराम की असीम कृपा से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं।छठे दिन की रामलीला में वानर सेना का निर्माण,माता सीता की खोज और समुद्र संवाद के मार्मिक प्रसंगों का जीवंत मंचन किया गया। इस सात दिवसीय महोत्सव में देश-विदेश की प्रतिष्ठित मंडलियां हिस्सा ले रही हैं,जहां हाई-टेक 3D विजुअल्स और भव्य साउंड इफेक्ट्स के जरिए रामकथा को आधुनिक रूप दिया गया है। समन्वय डॉ.संजय मिश्रा ने बताया कि अंतिम दिन रूस के मास्को का 'दिशा रामलीला' दल रावण वध और श्रीराम राज्याभिषेक के प्रसंग प्रस्तुत करेगा।

कलेक्टर और एसपी ने किया दुर्गा प्रतिमा विसर्जन मार्गों का निरीक्षण, अतिक्रमण हटाकर व्यवस्थाएं दुरूस्त करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन चल समारोह को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने रविवार शाम शहर के प्रमुख मार्गों का पैदल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने 20 अक्टूबर को होने वाले विसर्जन समारोह की तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्टेशन रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से सुभाष चौक, झंडा बाजार, सुक्खन चौक, लक्ष्मी नारायण मंदिर, शेर चौक और आजाद चौक होते हुए गाटर घाट विसर्जन कुंड तक पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने गाटर घाट के प्रवेश स्थल पर दो अलग-अलग विसर्जन कुंडों की व्यवस्था करने तथा घाट के समीप अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने नदी के किनारे एक अतिरिक्त विसर्जन कुंड तैयार कराने और गाटर घाट पहुंच मार्ग पर स्पीड ब्रेकर व्यवस्थित करने को भी कहा। साथ ही झंडा बाजार मार्ग के विभिन्न स्थलों को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए, ताकि चल समारोह के दौरान आवागमन और विसर्जन व्यवस्था सुचारु बनी रहे।



निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, एएसपी कमल मौर्य, एसडीएम जितेन्द्र पटेल, डीई शहर मुकेश महोबे आदि मौजूद रहे।

सुंदरलाल पयासी का निधन



सतना। ग्राम मझियार निवासी सुंदरलाल पयासी का 10 अक्टूबर को निधन हो गया है। एकादशा 20 अक्टूबर तथा तेरहवीं व ब्राह्मण भोज 22 अक्टूबर को पैतृक निवास पर आयोजित होगा। शोक संतप्त पुत्र मनोज,अजयेंद्र व मनकेश पयासी सहित समस्त परिवार ने आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।

हनुमान के पूंछ में लगी आग, जल गई सोने की लंका

स्लीमनाबाद। जगदीश धाम खिरहनी में रामलीला समिति के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है।रविवार को रामलीला मंचन में लंका दहन का मंचन किया गया।रामभक्त हनुमान माता सीता की खोज करते हुए लंका पहुँचते है।वहां सीता के पास जाकर मुद्रिका फेंकते है।जिसे देखकर सीता अचरज में पड़ गई कि आखिर यह मुद्रिका यहां कैसे आई।तभी हनुमान माता सीता के समक्ष आये ओर अपना परिचय दिया था सीता ने हनुमान से ने प्रभु के हाल जाने। इसके बाद हनुमान सीता से भूख लगने की बात कहते हुए बगीचों में लगे फल खाने की अनुमति मांगते हैं। आदेश पाते ही बाग में पहुंचकर फल खाने के साथ ही पूरा बाग उजाड़ देते हैं। इसे देखकर गुस्से में रावण के सैनिकों ने युद्ध किया और रावण के बेटे अक्षय कुमार का वध कर दिया।

विजयादशमी पर मैहर में कलेक्टर और एसपी करेंगे परंपरा अनुसार शस्त्र-पूजन

मैहर। विजयादशमी (दशहरा) के पावन अवसर पर मैहर जिले में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा पारंपरिक शस्त्र-पूजन किया जाएगा। शस्त्र-पूजन की यह भारतीय परंपरा शौर्य,साहस,धर्म की रक्षा और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। राज्य शासन के निर्देशानुसार,जिन जिलों में मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद नहीं रहेंगे,वहां जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारी यह पूजन संपन्न कराएंगे। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है,साथ ही आम नागरिकों से भी अपने-अपने घरों में शस्त्र-पूजन करने की अपील की गई है।

मैहर के केजेएस परिसर में 23 अक्टूबर को लगेगा बाबा बागेश्वर धाम का दिव्य दरबार

मैहर। मां शारदा की नगरी मैहर स्थित केजेएस सीमेंट फैक्ट्री परिसर में 23 अक्टूबर को सनातन धर्म के रक्षक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में भव्य 'सनातन संवाद' कार्यक्रम का आयोजन होगा। दोपहर 12 बजे से आयोजित होने वाले इस दिव्य दरबार को लेकर केजेएस मैदान में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशाल पंडाल,टेंट और एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही हैं। रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत और मैहर एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। इस आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है।

पराली प्रबंधनः किसानों के लिए निःशुल्क बेल बनाने की सुविधा और आगामी बैठक

सतना। जिले में धान की पराली के उचित प्रबंधन के लिए किसानों को खेतों में निःशुल्क बेल बनाने की सुविधा दी जा रही है। सितपुरा स्थित सीबीजी संयंत्र के तहत आईटीसी,बायो फ्यूल,फार्मवाट,ग्रूनर,भार्गवी बायो एनर्जी और हाईटेक हब जैसे एग्रीगेटर मझगवां,रामपुर बघेलान,नागौद,उचेहरा और अमरपाटन क्षेत्रों में बेलर मशीनें उपलब्ध करा रहे हैं।किसान पराली न जलाकर अपने क्षेत्र के एग्रीगेटर से संपर्क कर इसका उपयोग जैव गैस उत्पादन में सहयोग कर सकते हैं। वहीं,रबी फसल बुवाई से पहले पराली प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा के लिए 21अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

नजरिया भी बदला, नजर भी सँवारी, जे.के. सीमेंट की अद्भुत पहल ने जीता ग्रामीणों का दिल

अमानगंज/पन्ना। गाँव में खुशहाली की नई भोररू जे के सीमेंट के आई कैंप की सफलता के बाद ग्रामीणों के चेहरे पर खिली मुस्कान, पुनः आयोजन की तैयारी शुरू ग्रामीण क्षेत्र हाल ही में जे के सीमेंट द्वारा मुफ़्त नेत्र जाँच एवं उपचार शिविर ने सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस विशेष शिविर में आसपास के गाँवों के सैकड़ो लोगों ने पहुँचकर अपनी आँखों की जाँच करवाई। शिविर के दौरान न केवल अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक मशीनों से निरूशुल्क आँखों की जाँच की गई, बल्कि जरूरतमंदों को उच्च गुणवत्ता की दवाइयाँ और निःशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। गाँव वालों का भारी उत्साह और





सकारात्मक प्रतिक्रिया शिविर के समापन के बाद से ही ग्रामीणों के बीच एक अलग ही उत्साह और खुशी का माहौल है। जिन बुजुर्गों और ग्रामीणों को धुंधला दिखने की वजह से दैनिक कार्यों में परेशानी होती थी, अब नया चश्मा और सही इलाज मिलने से उनकी जिंदगी आसान हो गई है। ग्रामीणों ने इस संवेदनशील और जनकल्याणकारी कार्य के लिए जे के सीमेंट प्रबंधन का दिल से आभार व्यक्त किया है। गाँव के बुजुर्गों का कहना है कि ऐसा निस्वार्थ और समर्पित आयोजन उन्होंने पहली बार देखा है। जन-माँग पर फिर सजेगा श्रोशनी का महा-शिविरश ग्रामीणों से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स, अपार स्नेह और बेहद सकारात्मक



फीडबैक को देखते हुए जे के प्रबंधन ने यह निर्णय लिया है कि इस सेवा यात्रा को यहीं थमने नहीं दिया जाएगा। कंपनी द्वारा बहुत जल्द पुनः एक विशाल नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया जाएगा, ताकि जो लोग किसी कारणवश पिछली बार लाभ नहीं उठा पाए थे, उन्हें भी यह सुविधा मिल सके। जे के सीमेंट का संकल्परू हर आँख में हो रोशनी, हर चेहरे पर हो खुशी जे के सीमेंट हमेशा से ही केवल औद्योगिक विकास ही नहीं, बल्कि ग्रामीण समाज के सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। आगामी आई कैंप की तिथियों और स्थान की घोषणा जल्द ही की जाएगी, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण इसका लाभ उठा सकें। ष्जब नीयत में सेवा और सोच में अपनों का हित हो, तो हर प्रयास इतिहास रचता है। जे के सीमेंट की यह पहल केवल एक कैंप नहीं, बल्कि खुशहाल और रोशन कल की एक नई शुरुआत है।

खबर संक्षेप

पेट्रोल पंप पर मशीन खराब होने से भड़का विवाद, युवक के सिर पर पत्थर से हमला

अमानगंज। पेट्रोल पंप पर मशीन खराब होने के कारण पेट्रोल डालने में हुई देरी से विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक पर पत्थर से हमला कर दिया गया। घटना जूड़ी पेट्रोल पंप की है, जहां गाली-गलौज के बाद आरोपी ने युवक के सिर पर पत्थर मारकर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम जुड़ी पंगरा निवासी हजारी कुशवाहा (32), जूड़ी पेट्रोल पंप पर काम करता है। 18 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 8 बजे भरत लोधी मोटरसाइकिल से पेट्रोल पंप पहुंचा और पेट्रोल डालने को कहा। मशीन खराब होने की जानकारी देकर हजारी ने कुछ देर इंतजार करने की बात कही। इसी बात पर आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। हजारी द्वारा गाली देने से मना करने पर आरोपी ने पास में पड़ा पत्थर उठाकर उसके सिर पर मार दिया, जिससे खून निकलने लगा। मौके पर मौजूद अमन कुशवाहा और प्रमोद कुशवाहा ने बीच-बचाव किया। आरोप है कि जाते समय आरोपी ने दोबारा मिलने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी। हमले में हजारी के सिर, गले और दाहिने हाथ की हथेली में चोटें आई हैं। फरियादी की शिकायत पर अमानगंज पुलिस ने आरोपी भरत लोधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक ईश्वर सिंह कर रहे हैं।

असुरिया प्रवृत्तियों का संघार करें - ब्रह्माकुमारी

पन्ना। नवरात्रि के पावन पर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पन्ना की ओर से ककहरटी में चौतन्य देवियों की भव्य झांकी लगाई गई है इस अवसर पर बहन जी ने उपस्थित जन समूह को देवियों के आध्यात्मिक रहस्य से अवगत कराते हुए बताया कि मां दुर्गा का तात्पर्य दुर्गुणों को दूर करने वाली शक्ति से है,देवियों के व्रत के साथ-साथ हमें मन से दुर्गुणों को त्यागने का संकल्प लेना चाहिए मां लक्ष्मी वह है जिसमें महान लक्ष्य होते हैं इसलिए कहा जाता है नर ऐसी करनी करें जो नारायण बन जाए और नारी ऐसी करनी करें जो लक्ष्मी के समान पूजी जाए हमे अपने जीवन में यह लक्ष्य रखना चाहिए कि संसार रूपी कीचड़ में रहते हुए कमल की तरह बुराइयों और गलत संस्कारों से मुक्त रहें। मां सरस्वती को हंस पर विराजमान दिखते है जिसका आध्यात्मिक रहस्य की कलियुग के अंत में जो आत्मा सादगी और पवित्रता का धवल वस्त्र धारण करती हैं और जिसके मन एवं मुख से सदा ज्ञान रूपी वीणा झंकृत होती रहती है वही हंस के समान विवेक धारण कर दुर्गुणों से दूर रह पाती है। नवरात्रि का उद्देश्य अपने भीतर घर कर चुकी बुराइयों को नव संकल्पों के साथ दूर कर जीवन में दिव्यता और पवित्रता का आवाहन करना जागरण माना, अपनी शक्तियों का जागरण करना देवियों को आदिशक्ति और शिव शक्ति भी कहा जाता है जब संसार में अज्ञानता की रात्रि छा जाती है तब परमात्मा शिव आत्मा की शक्तियों को जागृत कर अंधकार को समाप्त कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं वर्तमान समय में यही परिवर्तन का काल चल रहा है परमात्मा धरती पर आकर आत्माओं को अच्छे संस्कार जागृत करना के लिए प्रेरित करते हैं इसलिए मनुष्य को इस पृथ्वी पर हमेशा अच्छे संस्कार अपनाना चाहिए नवरात्रि के समय व्रत उपवास इसीलिए किए जाते हैं कि मनुष्य अच्छी आत्मा से कार्य करें।

घर के कुएं में डूबने से 7 वर्षीय मासूम राजबीर की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम



अमानगंज। पन्ना जिले के अमानगंज में एक हृदयविदारक हादसे में 7 वर्षीय मासूम बालक की कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना अमानगंज थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 स्थित राघव मोहल्ले की है, जहां घर के अंदर बने कुएं में डूबने से मासूम राजबीर कोरी की जान चली गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई, वहीं पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रवि कोरी उम्र 32 वर्ष, निवासी राघव मोहल्ला, मजदूरी का काम करते हैं। 18 अक्टूबर की शाम करीब 5रू30 बजे जब वह मजदूरी करके घर लौटे, तो परिजनों और बच्चों ने बताया कि उनका 7 वर्षीय भतीजा राजबीर कोरी, पिता स्वर्गीय धनीराम कोरी, काफी देर से दिखाई नहीं दे रहा है। इसके बाद परिजनों ने बालक की तलाश शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान जब घर के अंदर बने कुएं में देखा गया तो पानी की सतह पर मासूम की चप्पलें तैरती दिखाई दीं। यह देखकर परिजनों के होश उड़ गए। तत्काल मोहल्ले के लोगों और परिजनों ने कुएं में कांटा और जाल डालकर बालक को बाहर निकाला। आनन-फानन में उसे शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस घर में कुछ देर पहले तक बच्चे की चहल-पहल रही होगी, वहां अचानक मातम छा गया। इस दर्दनाक हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। घटना की सूचना मिलने पर अमानगंज पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच प्रधान आरक्षक राजीव कुमार बेड़िया द्वारा की जा रही है। इस हृदयविदारक घटना के बाद राघव मोहल्ले में शोक का माहौल है।

विजया दशमी (दशहरा) उत्सव में सजेगा लोक संस्कृति का महाकुंभ

प्रसिद्ध लोकगायक जयसिंह राजा एवं पार्टी देंगे सुरों की प्रस्तुति

पवई। बुंदेलखंड की धरती पवई में इस बार दशहरा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। बस स्टैंड दुर्गोत्सव परिवार पवई के द्वारा बीते 68 वर्षों में विशेष आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष विजयादशमी दशहरा उत्सव में बस स्टैंड दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा भक्ति



गीत,लोकगीत एवं विशेष नृत्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन 20 अक्टूबर 2026, मंगलवार को शाम 7रू30 बजे से बस स्टैंड प्रांगण, पवई में होगा। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण उत्तर प्रदेश के ललितपुर से आ रहे प्रसिद्ध लोकगीत गायक जयसिंह राजा एवं पार्टी की प्रस्तुति होगी। उनकी टीम सुरों और संस्कृति के संगम से श्रोताओं को बुंदेली लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति देगी। इसके साथ ही कार्यक्रम में नृत्यांगनाओं की विशेष प्रस्तुति भी होगी। रंगारंग मंच पर पारंपरिक वेशभूषा में नृत्यांगनाएं लोक नृत्य की मनमोहक झलक पेश करेंगी, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। बस स्टैंड दुर्गोत्सव परिवार के दीपेंद्र सिंह परमार सहित समस्त परिवार ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं, नागरिकों और लोक संस्कृति प्रेमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

देवेंद्रनगर समदरिया ग्राउंड में कल जलेगा 40 फीट ऊंचा रावण का पुतला, प्रशासन ने तैयारियों का लिया जायजा

देवेंद्रनगर। दशहरा पवं को लेकर देवेंद्रनगर के समदारंया ग्राउंड में 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले के दहन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। मंगलवार को होने वाले दशहरा उत्सव को लेकर सोमवार शाम करीब 5 बजे स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद के अधिकारियों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। देवेंद्रनगर तहसीलदार सुमित तिवारी, नगर परिषद सीएमओ के.के. तिवारी, थाना प्रभारी संतोष यादव, नगर परिषद उपयंत्री एम.एस. बुंदेला और पटवारी सुरेंद्र वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने समदरिया ग्राउंड पहुंचकर कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, साफ-सफाई, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं को देखा। अधिकारियों ने संबंधित



कर्मचारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि दशहरा देखने पहुंचने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले के निर्माण का काम भी अंतिम चरण में है। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोगों के दशहरा उत्सव में शामिल होने की उम्मीद है। थाना प्रभारी संतोष यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग परिवार के साथ दशहरा पर्व का आनंद लें और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, हुड़दंग या कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि दशहरा पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

भैंस चराने जंगल गए वृद्ध पर बाघ ने किया हमला, साथी की सूझबूझ से बची जान

हमले से पहले गांव में घूम रहा था बाघ, दो घंटे तड़पता रहा घायल

पन्ना। बाघ के आतंक से जरधोवा गांव के ग्रामीण सहम गए हैं।जरधोवा निवासी 60 वर्षीय मलखान सिंह राजगौड अपनी भैंसों को लेकर जंगल जा रहे थे, तभी एक बाघ ने उन पर अचानक हमला कर दिया। बाघ के पंजों के वार से बुजुर्ग के चेहरे, पीठ और घुटने पर गंभीर चोटें आई हैं। गनीमत यह रही कि मौके पर मौजूद साथी ग्रामीण ने हिम्मत दिखाते हुए पत्थर फेंके, जिससे बाघ वहां से भागा और वृद्ध की जान बच गई। घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ जबर्दस्त गुस्सा फूट पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठीक एक दिन पहले भी यही बाघ गांव में घूम रहा था, जिसकी सूचना देने के बावजूद वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। गुस्साए लोगों ने बताया कि क्षेत्र में वन्यजीवों के हमलों की यह पहली घटना नहीं है, बल्कि इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। गंभीर बात यह है कि घटना के दो घंटे बाद भी वन अमला नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों को खुद डायल 112 की मदद से घायल को अस्पताल ले जाना पड़ा। मामले पर पन्ना टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर बीरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम को रवाना कर दिया गया था। घायल बुजुर्ग की स्थिति अब स्थिर है। तथा जिला चिकित्सालय में उसका इलाज चल रहा हैवन विभाग ने तत्काल सहायता के रूप में दो हजार रुपये दिए हैं और संपूर्ण इलाज का खर्च उठाने का आश्वासन दिया है। साथ ही, हाथियों की टीम को मौके पर भेजकर बाघ को जंगल में खदेड़ने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।।

दीपावली के पूर्व कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को महंगाई भत्ते का लाभ प्रदान करे शासन

12 लाख कर्मचारी-पेंशनर्स को राहत देने के लिए तत्काल आदेश जारी करने की मांग

पन्ना। मध्यप्रदेश के लगभग 12 लाख अधिकारी-कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत का लाभ नहीं मिलने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। महंगाई के इस दौर में कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को अपने परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में अतिरिक्त आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ता है। ऐसे में दीपावली जैसे पावन पर्व के पूर्व उन्हें महंगाई भत्ते की सौगात मिलना अत्यंत आवश्यक है। अपाक्स संगठन मध्यप्रदेश के प्रांतीय संरक्षक इंजी. भुवनेश कुमार पटेल एवं प्रांताध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह यादव ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि कर्मचारियों एवं पेंशनर्स की भावनाओं और आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत के संबंध में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

10 माह से महंगाई भत्ते की प्रतीक्षा, कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान

महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ 10 माह तक नहीं मिलने से विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों को हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान होने का विषय सामने आया है। अनुमानित गणना के अनुसार, प्रथम श्रेणी के अधिकारियों को 15,980 से 28,200, द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को 11,220 से 11,466, तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को 3,900 से 9,820 तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को 3,100 से 3,600 तक का नुकसान हो सकता है। वास्तविक राशि संबंधित कर्मचारी के वेतन एवं पात्रता पर निर्भर करेगी।

केंद्र के समान महंगाई भत्ते का लाभ देने की मांग

अपाक्स संगठन का कहना है कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते और मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को दिए जाने वाले महंगाई भत्ते के बीच अंतर को दूर करने के लिए राज्य सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहिए। प्रदेश के कर्मचारी शासन की प्रशासनिक व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। वहीं, पेंशनर्स ने भी अपने सेवाकाल में प्रदेश के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है।

अपाक्स संगठन की शासन से प्रमुख मांगें

अपाक्स संगठन मध्यप्रदेश प्रदेश सरकार से मांग करता है कि 1. दीपावली के पूर्व पात्र अधिकारी-कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में लंबित वृद्धि के आदेश जारी किए जाएं। 2. पात्र पेंशनर्स को नियमानुसार महंगाई राहत का लाभ प्रदान किया जाए। 3. केंद्र एवं राज्य के महंगाई भत्ते के अंतर को कम करने के लिए सकारात्मक निर्णय लिया जाए। 4. लंबित महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत के देयकों के भुगतान के संबंध में स्पष्ट आदेश जारी किए जाएं। 5. भविष्य में महंगाई भत्ते की वृद्धि के आदेश समय पर जारी करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 6. कर्मचारियों एवं पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के लिए शासन और कर्मचारी संगठनों के बीच सार्थक संवाद स्थापित किया जाए।

दीपावली पर कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को मिले आर्थिक राहत की सौगात

अपाक्स संगठन को विश्वास है कि मध्यप्रदेश सरकार कर्मचारियों एवं पेंशनर्स की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझते हुए उनके हित में शीघ्र निर्णय लेगी। दीपावली का पर्व प्रत्येक परिवार के जीवन में खुशियां, समृद्धि और उल्लास लेकर आता है। इस पावन अवसर पर महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत का लाभ मिलने से लाखों परिवारों को आर्थिक संबल प्राप्त होगा। अपाक्स संगठन मध्यप्रदेश शासन से पुनः विनम्र आग्रह करता है कि दीपावली के पूर्व महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत के संबंध में आदेश जारी कर प्रदेश के लाखों कर्मचारी-पेंशनर्स को राहत प्रदान की जाए।

अपहरण एवं दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण में तीन आरोपी गिरफ्तार, गुजरात से महिला को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों तक पहुँचाने की कार्रवाई

पन्ना। दिनांक 21 सितंबर 2026 को थाना सलेहा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सर्रा निवासी 20 वर्षीय नवविवाहिता के लापता होने की सूचना प्राप्त हुई थी। परिजनों के अनुसार, महिला दिनांक 21 सितंबर 2026 को दोपहर लगभग 03:00 बजे अपनी मां के साथ कल्दा बाजार गई थी। बाजार में कुछ खाने के लिए जाने की बात कहकर वह अलग हो गई, लेकिन काफी समय तक वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा महिला की आसपास के क्षेत्रों, परिचितों एवं रिश्तेदारों के यहां तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में अपराध क्रमांक 278/2026, धारा 140(3) भारतीय न्याय संहिता (ठछै) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना सलेहा पुलिस द्वारा महिला की तलाश के लिए आवश्यक प्रयास किए गए। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर नक्शा मौका तैयार किया गया तथा फरियादी एवं अन्य संबंधित गवाहों के कथन लेखबद्ध किए गए।पुलिस द्वारा प्राप्त सूचनाओं एवं तकनीकी तथा अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर महिला की तलाश लगातार जारी रखी गई। इसी क्रम में दिनांक 16 अक्टूबर 2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा गुमशुदा महिला को मीनानगर, अंकलेश्वर, जिला भरूच (गुजरात) से दस्तयाब किया गया। दस्तयाबी की कार्रवाई



गवाहों की उपस्थिति में की गई। इसके पश्चात महिला को आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया के तहत महिला थाना पन्ना भेजा गया, जहां महिला पुलिस अधिकारी द्वारा उसके कथन दर्ज किए गए।

महिला के कथनों के आधार पर गंभीर धाराओं का इजाफा

महिला द्वारा अपने कथनों में आरोप लगाया गया कि उसे कल्दा बाजार से जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर सतना रेलवे स्टेशन ले जाया गया तथा वहां से ट्रेन के माध्यम से गुजरात ले जाया गया। महिला ने गुजरात में एक कमरे में रखकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किए जाने के संबंध में भी आरोप लगाए। महिला के कथनों के आधार पर प्रकरण में धारा 87, 64(2)(एम), 124(4) एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता (ठछै) का इजाफा किया गया। इसके बाद महिला की सहमति से जिला अस्पताल पन्ना में उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया।

तीन आरोपियों की गिरफ्तारी एवं वाहन जप्ती

प्रकरण में विवेचना के दौरान दिनांक 18 अक्टूबर 2026 को पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को दस्तयाब कर पूछताछ एवं वैधानिक कार्रवाई की गई। आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त आधार पाए जाने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिलें प्रस्तुत किए जाने पर पुलिस द्वारा उन्हें पृथक-पृथक जप्त किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को नियमानुसार दी गई। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को दिनांक 19 अक्टूबर 2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड की कार्रवाई की गई है।

प्रकरण की वर्तमान स्थिति

प्रकरण में पुलिस द्वारा उपलब्ध साक्ष्यों, महिला के कथनों एवं अन्य तथ्यों के आधार पर विवेचना की जा रही है। घटना से संबंधित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

वन विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

पन्ना। बीते दिवस वन विभाग द्वारा अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पेरहा में वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण हटाने को लेकर कार्यवाही की जा रही थी जिस पर ग्रामीण तथा वन विभाग के बीच भारी विवाद हुआ उक्त विवाद में दोनों ओर से दो दर्जन से अधिक लोग घायल भी हुए हैं उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों ने एकत्रित होकर थाना प्रभारी तथा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए मामला दर्ज किए जाने की मांग की है ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग द्वारा हमारे ऊपर लगभग डेढ़ सौ बन कर्मचारियों ने मिलकर हमला किया है जिसमें महिला तथा बच्चे भी घायल हुए जबकियुक्त जमीन पर हम लोग 50 वर्ष से कब्जा करके खेती कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर बन विभाग का कहना है कि उक्त जमीन शासकीय है वन विभाग की है संबंधित लोगों द्वारा जबरदस्ती कब्जा कर रखा था तथा उक्त जमीन पर खेती की जा रही थी और विक्रय भी की रही थी जिसको लेकर हमारे द्वारा अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया गया लेकिन जबरदस्ती कब्जा करने वालों ने अतिक्रमण हटाने गई वन विभाग की टीम पर ही हमला कर दिया ।

खबर संक्षेप

सोयाबीन फसल के पंजीयन की अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ी

कटनी। खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन फसल के पंजीयन की अवधि बढ़ाकर अब 24 अक्टूबर 2026 तक कर दी गई है। शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी पत्र के अनुसार सोयाबीन पंजीयन की अवधि पहले 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित की गई थी। अब संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास के 16 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र के माध्यम से पंजीयन की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर 2026 तक बढ़ा दी गई है। जिले के समस्त सोयाबीन उत्पादक किसानों से अपील की गई है कि वे बढ़ाई गई अवधि का लाभ लेते हुए अपनी सोयाबीन फसल का पंजीयन 24 अक्टूबर 2026 तक अनिवार्य रूप से कराएं, ताकि भावांतर योजना के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया में शामिल हो सकें।

देवी जागरण में भजनों की धूम, आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

उमरियापान। शारदेय नवरात्र के अवसर पर उमरियापान में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में बीती रात न्यू बस स्टैंड में दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में देवी जागरण का आयोजन किया गया। यहां स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से माता रानी के जयकारे लगाए। म्युजिकल ग्रुप के गायकों ने देवी गीतों और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।देवी जागरण के दौरान आकर्षक झांकियां भी सजाई गईं। भगवान शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण और माता काली के स्वरूप में सजे कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों पर देर रात तक श्रद्धालु तालियां बजाते रहे। देवी गीतों के साथ भजनों का सिलसिला रातभर चलता रहा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्तिमय माहौल में माता रानी की आराधना की।

जिले में बीज उत्पादक समितियां कई, लेकिन कृषि विभाग की मेहरबानी एक पर!

कलेक्टर ने इधर सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर उपसंचालक कृषि के 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश क़र किया नोटिस जारी

एक समिति को 150 क्विंटल गेहूं बीज खरीदने का आदेश, जिले कि समितियों को छोड़ दमोह की समिति को 50 क्विंटल मसूर की जिम्मेदारी



छतरपुर। कृषि विभाग में रबी सीजन के लिए बीज खरीदी और वितरण की जिम्मेदारी सौंपने को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। जिले में कई बीज उत्पादक समितियां काम कर रही हैं, लेकिन गेहूं बीज की खरीदी के लिए एक ही समिति को 150 क्विंटल का आदेश दिए जाने की जानकारी सामने आई है। इसे लेकर सवाल उठ रहा है कि आखिर विभाग की बाकी समितियों को इस सीजन में जिम्मेदारी से दूर क्यों रखा गया? क्या समितियों के चयन के लिए कोई तय मापदंड अपनाए गए या फिर कुछ समितियों को ही प्राथमिकता दी गई? इन सवालों का जवाब कृषि विभाग के अधिकारियों को देना होगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डीडीए ने एक बीज उत्पादक समिति को 150 क्विंटल गेहूं बीज खरीदने का आदेश दिया है। इसमें से 75 क्विंटल बड़ामलहरा और 75 क्विंटल बिजावर क्षेत्र में भेजा जाना है। जिले में जब कई समितियां बीज उत्पादन और खरीदी के काम में लगी हैं, तो एक ही समिति को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने के पीछे क्या आधार रहा, यह चर्चा का विषय बन गया है।

जिले कि एक बीज उत्पादक समिति को 150 क्विंटल गेहूं, बाकी समितियां क्यों खाली हाथ? -

रबी सीजन किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान समय पर अच्छी गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराना कृषि विभाग की प्रमुख जिम्मेदारी है। ऐसे में बीज खरीदी के आदेशों में पारदर्शिता और सभी पात्र समितियों को अवसर मिलना जरूरी है। सवाल यह भी है कि क्या अन्य समितियों की पात्रता और क्षमता पर विचार किया गया? यदि किया गया तो उन्हें आदेश क्यों नहीं मिले? वहीं यदि चयन निर्धारित नियमों के तहत हुआ है तो विभाग को उसका आधार सार्वजनिक करना चाहिए। समितियों को दरकिनार किए जाने के मामले में राजनीतिक दबाव या किसी अन्य प्रभाव की आशंका भी जताई जा रही है।

जिले कि उत्पादक समिति को छोड़कर मसूर खरीदी में भी दमोह की समिति को जिम्मेदारी! -

गेहूं बीज के बाद मसूर खरीदी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक दमोह जिले की एक समिति को 50 क्विंटल मसूर बीज खरीदने का आदेश दिया गया है। यह मसूर बकस्वाहा, बड़ामलहरा क्षेत्र में भेजी जानी है। दूसरी ओर गौरिहार क्षेत्र में मसूर की खेती का रकबा अधिक होने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद गौरिहार क्षेत्र के लिए स्थानीय समितियों को जिम्मेदारी दिए जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि जब छतरपुर जिले में भी समितियां काम कर रही हैं, तो मसूर खरीदी के लिए दमोह की समिति को जिम्मेदारी देने का आधार क्या रहा? क्या स्थानीय समितियां निर्धारित मापदंडों पर खरी नहीं उतरतीं या फिर विभाग ने किसी दूसरी प्रक्रिया के तहत चयन किया है?।

सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर डीडीए का 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश -

एक तरफ बीज खरीदी के आदेशों को लेकर कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, तो दूसरी तरफ सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही को लेकर डीडीए पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। टीएल बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। शिकायतों का संतोषजनक निराकरण नहीं होने पर डीडीए के तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने शिकायतों का समयसीमा में संतोषजनक निराकरण करने के निर्देश भी दिए। साथ ही डीडीए को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

65 फीट ऊंचे रावण का उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में होगा दहन, काली पोशाक और दस सिर रहेंगे आकर्षण का केंद्र

129 वर्ष पुरानी श्रीलाल कड़क्का समिति ने तैयार किया विशाल पुतला, विजयदशमी पर जुटेंगे संत-महंत, जनप्रतिनिधि और अधिकारी



छतरपुर। विजयदशमी के अवसर पर छतरपुर में इस वर्ष 65 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रावण दहन का कार्यक्रम श्रीराम उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में आयोजित होगा। 129 वर्ष पुरानी श्रीलाल कड़क्का समिति को इस बार रावण का पुतला तैयार करने की जिम्मेदारी मिली थी। समिति ने पुतला तैयार कर मैदान में खड़ा कर दिया है। काली पोशाक में सजे रावण के दस सिर लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। विशाल पुतले को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। रावण के 65 फीट ऊंचे पुतले को छतरपुर के कलाकार राजेश ताम्रकार ने तैयार किया है। इस पुतले को बनाने में काफी समय और मेहनत लगी है। पुतले को इस तरह तैयार किया गया है कि विजयदशमी के दिन होने वाले दहन के दौरान लोग इस आयोजन को देख सकें। रावण दहन छतरपुर में हर साल होने वाले प्रमुख धार्मिक आयोजनों में शामिल है। इस दिन शहर के लोग परिवार सहित कार्यक्रम देखने पहुंचते हैं।

रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परीक्षा पीठाधीश्वर हनुमंतद्वाराचार्य श्री महावीर दास जी ब्रह्मचारी महाराज उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महंत राघवेन्द्र दास जी रामायणी शामिल होंगे।

कार्यक्रम में छतरपुर विधायक ललिता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, कलेक्टर मृणाल मीना, डीआईजी विजय कुमार खत्री, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सुरेन्द्र आनंद, टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गगन यादव, महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष भरत पाठक और भाजपा के पूर्व महामंत्री सुरेन्द्र चौरसिया सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी रहेगी।

गौरिहार महिला बाल विकास परियोजना में कथित वसूली का आरोप, कलेक्टर तक पहुंचा मामला!

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और समूह संचालकों से पैसे मांगने की शिकायत, अध्यक्ष मीरा मिश्रा ने जांच और कार्रवाई की उठाई मांग



छतरपुर। जिले के गौरिहार महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में पदस्थ प्रभारी परियोजना अधिकारी नासिर छीपा के खिलाफ कथित अवैध वसूली, भ्रष्टाचार और कर्मचारियों को धमकाने के आरोप सामने आए हैं। महिला एवं बाल विकास समिति छतरपुर की अध्यक्ष मीरा अवधकिशोर मिश्रा ने इस संबंध में कलेक्टर को शिकायत सौंपकर मामले की जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। वहीं एक अन्य शिकायत में परियोजना अधिकारी पर गाली-गलौज करने और दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, शिकायतों में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है।

पैसे देने वालों पर मेहरबानी, इनकार करने वालों को नोटिस देने का आरोप -

कलेक्टर को सौंपे गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि गौरिहार परियोजना क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और स्व-सहायता समूह संचालकों पर कथित रूप से राशि देने का दबाव बनाया जाता है। शिकायत के मुताबिक, परियोजना अधिकारी निजी वाहन क्रमांक यूपी 95 बी 8343 से पर्यवेक्षक सरिता अहिरवार और पवन पटेल के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचते हैं। इस दौरान कर्मचारियों और समूह संचालकों को कथित रूप से कार्रवाई का डर दिखाया जाता है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि जो लोग कथित रूप से राशि दे देते हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जाती, जबकि राशि देने से इनकार करने वालों को नोटिस जारी किए जाने की बात सामने आई है। शिकायत में इसे विभागीय पद का दुरुपयोग बताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है।

फोन-पे और नकद से वसूली के आरोप -

शिकायत में पर्यवेक्षक सरिता अहिरवार और पवन पटेल की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि इनके माध्यम से स्व-सहायता समूह संचालकों से फोन-पे और नकद के जरिए राशि ली जाती है। शिकायतकर्ता ने इस कथित लेनदेन की जांच कराने की मांग की है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आरोपों में कितनी सच्चाई है और किसी प्रकार की अनियमितता हुई है या नहीं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि जब कुछ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपनी समस्याएं लेकर परियोजना अधिकारी के पास पहुंचीं, तो उन्हें कथित रूप से धमकाया गया। आरोप के अनुसार, एक कर्मचारी से कहा गया कि रात आठ बजे केंद्र की जांच करने आऊंगा और देखूंगा कि केंद्र किस तरह चलाया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें कार्रवाई का डर दिखाया जा रहा है।

ऑनलाइन काम में परेशानी, प्रशिक्षण देने के बजाय वसूली का आरोप -

शिकायत में पुराने समय में नियुक्त ऐसी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी उल्लेख किया गया है, जिन्हें ऑनलाइन कार्य करने में परेशानी होती है। आरोप लगाया गया है कि तकनीकी कामकाज में दिक्कत आने पर उन्हें प्रशिक्षण और सहयोग देने के बजाय कथित रूप से राशि की मांग की जाती है। इस मामले में विभागीय स्तर पर जांच कर कर्मचारियों की समस्याओं और शिकायतों की वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की गई है। सरकारी राशि के उपयोग पर भी उठाए सवाल शिकायतकर्ता ने कार्यालय में किराए पर लगाए गए वाहन के उपयोग को लेकर भी सवाल उठाए हैं। आरोप है कि वाहन का निर्धारित तरीके से उपयोग नहीं होने के बावजूद शासन की राशि खर्च की जा रही है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण को औपचारिक बताते हुए वास्तविक व्यवस्थाओं की जांच कराने की मांग की गई है।

शिकायत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्ति प्रक्रिया का विषय भी उठाया गया है। आवेदन के अनुसार, नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया में ऑनलाइन मेरिट सूची देखकर कथित रूप से अवैध राशि वसूले जाने की आशंका जताई गई है। शिकायतकर्ता ने संबंधित अभिलेखों, चयन प्रक्रिया और भुगतान संबंधी रिकॉर्ड की जांच कराने की मांग की है।

चंदला थाने में भी पहुंची शिकायत -

इस मामले से संबंधित एक अन्य शिकायत में योगेश कुमार प्रजापति ने चंदला थाना प्रभारी को आवेदन सौंपकर परियोजना अधिकारी नासिर छीपा पर गाली-गलौज करने और दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी पत्नी गौरिहार में महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति के रूप में कार्य कर रही हैं। इसी संदर्भ में विवाद होने और उन्हें कथित रूप से धमकी दिए जाने की बात आवेदन में कही गई है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

राज्य मंत्री और पूर्व विधायक ने की शिरकत, 200 से अधिक प्रतिभागियों ने दी शानदार प्रस्तुति



सावित्री बाई फुले गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन

लवकुशनगर। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर अष्टमी की रात्रि को सावित्री बाई फुले गरबा महोत्सव का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस सांस्कृतिक उत्सव में पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं और नन्हीं बच्चियों ने डांडिया और गरबा की थाप पर मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार और बड़ा मलहरा के पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां दुर्गा की आरती और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

महोत्सव की मुख्य आयोजक आस्था पटेल एवं उनकी टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि सावित्री बाई फुले गरबा महोत्सव का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का आकर्षण और अधिक बढ़ गया क्योंकि इसमें 200 से अधिक नन्हे-मुन्ने बच्चों, युवतियों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंग-बिरंगी गुजराती और पारंपरिक पोशाकों में सजे प्रतिभागियों ने पूरी रात अपनी नृत्य कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय जनसमुदाय उमड़ा।

आयोजन समिति द्वारा प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए एक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। आयोजक आस्था पटेल ने बताया कि गरबा नृत्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों और व्यक्तिगत कलाकारों को उनके ताल, समन्वय और वेशभूषा के आधार पर चुना गया। जूरी के निर्णय के अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के आधार पर विशेष पुरस्कारों और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में पहुंचे राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार और पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह ने आयोजकों के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखते हैं और समाज की महिलाओं व बालिकाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक सुरक्षित व सकारात्मक मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। तो वही सुरक्षा की दृष्टि से लवकुश नगर थाना पुलिस से एएसआई कमला सिंह, आरक्षक अपूर्व, अनिल छारी, देव सिंह मौजूद रहे।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा: परियोजना अधिकारी पर गंभीर वित्तीय भ्रष्टाचार और प्रताडना का आरोप

छतरपुर। महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय बड़ामलहरा-1 के अंतर्गत आने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने परियोजना अधिकारी सीमा पटेल पर गंभीर भ्रष्टाचार, अवैध वसूली, मानसिक प्रताडना और पद के दुरुपयोग के आरोप लगाते हुए कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। कार्यकर्ताओं ने परियोजना अधिकारी के विरुद्ध निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच और दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा नामदेव सहित अन्य कार्यकर्ताओं का आरोप है कि शासकीय योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और लाडली लक्ष्मी योजना की फाइल फीडिंग व प्रमाण पत्र वितरण के नाम पर 50 से 100 तक की अवैध वसूली की जा रही है। इसके अलावा बीमा प्रीमियम प्रतिपूर्ति जारी करने के लिए 1,000 प्रति कार्यकर्ता तथा मासिक मानदेय अप्रूवल के नाम पर हर महीने 100 से 200 तक की अवैध मांग की जाती है।

शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि नियमों को ताक पर रखकर कार्यकर्ताओं को शाम 5 बजे के बाद परियोजना अधिकारी के निजी निवास पर बुलाकर घर की साफ-सफाई व अन्य निजी काम कराए जाते हैं और विरोध करने पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग तथा सेवा से निष्कासित करने की धमकी दी जाती है। साथ ही, कार्यालय में एक बाहरी व्यक्ति को बैठाकर शासकीय आईडी-पासवर्ड सौंप दिए गए हैं, जो रिश्वतखोरी कर रहा है। कार्यकर्ताओं ने पूर्व में लोकायुक्त द्वारा ट्रैप हो चुकी परियोजना अधिकारी को तत्काल निलंबित करने और जांच समिति गठित करने की मांग की है।

कांग्रेस नेत्री दीप्ती पाण्डेय ने कहा कि बड़ामलहरा क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को परियोजना अधिकारी बड़ामलहरा सीमा पटेल द्वारा जबरन परेशान किया जा रहा है। छोटे-छोटे कामों के लिए पैसों की मांग की जा रही है। परियोजना अधिकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर दबाव बना रही हैं कि उन्हें हर महीन एक-एक हजार रूपए दिए जाएं। उन्होंने कहा कि आज हम सभी ने एडीएम के पास जाकर परियोजना अधिकारी से शिकायत की गई है और उनसे मांग की गई है कि उन्हें बड़ामलहरा से हटाया जाए। परियोजना अधिकारी पहले छिंदवाड़ा में भी रहीं है और वहां लोकायुक्त ने उन्हें ट्रैप किया था। उनके खिलाफ जो शिकायतें है उनकी जांच की जाए।

वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन

संविधान के अनुच्छेद 326 का सामूहिक पाठ कर मतदान के अधिकार की रक्षा का उठाया मुद्दा, दो दर्जन से अधिक कांग्रेसी रहे मौजूद



नौगांव। नौगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सोमवार को कथित वोट चोरी के विरोध में जनजागरण एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम दोपहर 12 बजे ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुआ। यहां से कांग्रेस कार्यकर्ता बाजार होते हुए तहसील चौराहे पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के मुद्दे को उठाते हुए चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की। तहसील चौराहे पर संविधान के अनुच्छेद 326 का सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद राष्ट्रगान गाकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सर्वेश तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का मत महत्वपूर्ण है और मतदान के अधिकार की रक्षा करना जरूरी है। उन्होंने कथित वोट चोरी के मुद्दे पर जनजागरण करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण की बात कही।

खबर संक्षेप

रानी तालाब मंदिर परिसर में 22 से 26 अक्टूबर से होगी भव्य रामलीला

रीवा । नवरात्रि पर्व में रानी तालाब कालिका माता का मंदिर भक्तों से भरा रहता है। यह मंदिर लाखों लोगों की आस्था का केन्द्र है। रानी तालाब मंदिर परिसर में 22 से 26 अक्टूबर तक भव्य श्री रामलीला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि रामलीला आयोजन के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन को नोडल अधिकारी तथा एसडीएम हुजूर जितेन्द्र तिवारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। दोनों अधिकारी कार्यक्रम स्थल में रामलीला उत्सव के लिए मंच, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली एवं सुरक्षा का समुचित प्रबंध करें। संस्कृति परिषद द्वारा रामलीला उत्सव के आयोजन के लिए विकास तिवारी को सम्पूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

सर्पदंश से 18 वर्षीय युवती की मौत, जवा अस्पताल में इलाज में देरी के आरोप

रीवा । जिले की जवा तहसील अंतर्गत गाढ़ा-138 गांव में सर्पदंश से 18 वर्षीय युवती की मौत हो गई। युवती की मौत के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जवा में उपचार को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। परिजनों ने अस्पताल में समय पर इलाज नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका दावा है कि युवती को अस्पताल पहुंचाने के बाद करीब आधे घंटे तक उपचार शुरू नहीं किया गया। इसके बाद डॉक्टर के आने पर उसे इंजेक्शन और प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ और अस्पताल से रीवा ले जाने की तैयारी के दौरान ही उसकी मौत हो गई।दूसरी ओर, संबंधित चिकित्सक ने परिजनों के आरोपों को खारिज किया है। डॉक्टर का कहना है कि युवती को जब अस्पताल लाया गया, तब उसकी हालत पहले से ही बेहद गंभीर थी और उसकी पल्स काफी गिर चुकी थी। चिकित्सक के मुताबिक, सर्पदंश के निर्धारित मेडिकल प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार किया गया। परिजनों के मुताबिक, युवती को घर के बाहर सांप ने काट लिया था। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। युवती की हालत बिगड़ने की आशंका के बीच परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा लेकर पहुंचे, वहां मौजूद नर्स को स्पष्ट रूप से बताया कि युवती को सांप ने काटा है। इसके बावजूद तत्काल उपचार शुरू नहीं किया गया। उनका आरोप है कि उन्हें बताया गया कि डॉक्टर भोजन कर रहे हैं और कुछ देर में आ जाएंगे। परिजनों का दावा है कि इस दौरान युवती की हालत को लेकर वे लगातार परेशान रहे, लेकिन करीब आधे घंटे तक डॉक्टर के आने का इंतजार करना पड़ा। परिजनों का कहना है कि सर्पदंश जैसी आपात स्थिति में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में यदि अस्पताल पहुंचने के बाद उपचार शुरू करने में देरी हुई, तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। वही गंभीर हालत को देखते हुए उसे रीवा ले जाने की सलाह दी गई। परिजनों का दावा है कि युवती को रीवा ले जाने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन अस्पताल से रवाना होने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

प्रतिबंधित क्षेत्र अटल पार्क में गरबा आयोजन में नियमों की अनदेखी, कार्रवाई की मांग, एमआईसी सदस्य ने उठाए सवाल, पार्क में निर्धारित गतिविधियों के अलावा आयोजन के लिए जरूरी है अनुमति





रीवा। शहर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित अटल पार्क में गरबा आयोजन को लेकर विवाद गहराने लगा है। पार्क के संचालन और संधारण के लिए नगर निगम की मेयर-इन-काउंसिल (एमआईसी) द्वारा तय की गई शर्तों के बीच अब आयोजन की अनुमति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। एमआईसी सदस्य धनेन्द्र सिंह बघेल ने गरबा आयोजन को अनुबंध की शर्तों के विपरीत बताते हुए नगर निगम आयुक्त से मामले में कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अटल पार्क को योग, मेडिटेशन और निर्धारित गतिविधियों के लिए विकसित किया गया है। ऐसे में अन्य आयोजनों के लिए नगर निगम की अनुमति लेना जरूरी है। मामले में पूर्व एमआईसी सदस्य नीरज पटेल ने भी निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जब आम नागरिकों और अन्य मामलों में नियमों का हवाला देकर कार्रवाई की जाती है, तो अटल पार्क के मामले में अधिकारी खामोश क्यों हैं? नियमों का पालन सभी के लिए समान रूप से होना चाहिए। वहीं, अधिवक्ता अमृतलाल मिश्रा ने भी निगम प्रशासन की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए कहा कि नियमों के विपरीत गतिविधियों पर कार्रवाई नहीं होने से समाज में गलत संदेश जाता है। यदि आयोजन निर्धारित शर्तों के खिलाफ हो रहा है, तो प्रशासन को नियमानुसार कदम उठाना चाहिए। बॉक्स *योग और मेडिटेशन के लिए तय है पार्क का उपयोग*अटल पार्क को शहर के बीचोंबीच एक ऐसे स्थान के रूप में विकसित किया गया है, जहां लोग सुबह-शाम सैर करने के साथ योग और मेडिटेशन जैसी गतिविधियां कर सकें। पार्क के संचालन और संधारण के लिए किए गए ठेका अनुबंध में भी इन गतिविधियों का उल्लेख है। शर्तों के अनुसार, पार्क में योग और मेडिटेशन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। इसके लिए ठेकेदार चाहे तो निःशुल्क कार्यक्रम करा सकता है या निर्धारित व्यवस्था के तहत शुल्क भी ले सकता है। हालांकि, निर्धारित गतिविधियों के अलावा अन्य कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर अनुमति की व्यवस्था भी रखी गई है। इसी बिंदु को लेकर गरबा आयोजन पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। एमआईसी सदस्य धनेन्द्र सिंह बघेल का कहना है कि यदि आयोजन अनुबंध की शर्तों के दायरे में नहीं आता, तो इसके लिए सक्षम प्राधिकारी से अनुमति ली जानी चाहिए। उन्होंने निगम आयुक्त से पूरे मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।बॉक्स *मॉर्निंग वॉक करने वालों को बाहर करने पर भी हुआ था विवाद*अटल पार्क के संचालन को लेकर हाल ही में मॉर्निंग वॉक करने वालों और ठेकेदार के कर्मचारियों के बीच भी विवाद की स्थिति बन गई थी। आरोप है कि सुबह आठ बजे के बाद पार्क में सैर करने पहुंचे लोगों को कर्मचारियों ने बाहर जाने के लिए कहा, जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया था। इस घटना को लेकर पार्क में आने वाले लोगों ने नाराजगी जताई थी।विवाद बढ़ने के बाद ठेकेदार की ओर से स्पष्ट किया गया था कि मॉर्निंग वॉक की गतिविधियां जारी रहेंगी। दरअसल, अनुबंध की शर्तों में सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए आने वाले लोगों से शुल्क नहीं लेने का प्रावधान है। बाक्स *विशेष परिस्थितियों में आयुक्त को अनुमति देने का अधिकार*अटल पार्क में गरबा आयोजन को लेकर उठे विवाद के बीच मेयर-इन-काउंसिल के उस निर्णय की भी चर्चा हो रही है, जिसमें विशेष परिस्थितियों में किसी बड़े आयोजन या इवेंट की अनुमति देने का अधिकार नगर निगम आयुक्त के पास सुरक्षित रखा गया है। यानी विशेष परिस्थितियों में अनुमति देने का निर्णय आयुक्त के स्तर पर लिया जा सकता है।एमआईसी के निर्णय में पार्क के उपयोग को लेकर कुछ प्रतिबंध भी निर्धारित किए गए हैं। इसके तहत पार्क में मैदानी खेलों के आयोजन की अनुमति नहीं होगी। इसी तरह बारातघर और रिसेप्शन के लिए भी पार्क का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया है। बॉक्स *पांच साल के लिए ठेके पर दिया गया है पार्क*नगर निगम की मेयर-इन-काउंसिल ने अटल पार्क को पांच वर्ष की अवधि के लिए संचालन और संधारण के लिए ठेके पर दिया है। इसके लिए 1 करोड़ 16 लाख 29 हजार 525 रुपए की ऑफसेट प्रीमियम राशि निर्धारित की गई है। ठेका व्यवस्था के तहत ठेकेदार को फूड कॉर्नर में दुकानें संचालित करने और प्रवेश शुल्क के माध्यम से आय प्राप्त करने की अनुमति दी गई है। हालांकि, ठेका दिए जाने के बाद पार्क के भीतर निर्माण और दुकानों की व्यवस्था को लेकर भी आरोप सामने आए हैं। एमआईसी सदस्य धनेन्द्र सिंह बघेल का आरोप है कि ठेकेदार ने अनुबंध की शर्तों के विपरीत वाहन पार्किंग के लिए निर्धारित हिस्से में दुकानें बनाकर बेच दीं। इसके अलावा फूड कॉर्नर क्षेत्र में दुकानों में तोड़फोड़ कर अलग से शेड का निर्माण भी कराया गया। इन निर्माण कार्यों के लिए नगर निगम से आवश्यक स्वीकृति नहीं ली गई।

186वें रामलीला महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु, उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रामलीला को बताया संस्कृति की धरोहर



रीवा । शहर के घोघर स्थित ऐतिहासिक नृत्य राघव शरण रामलीला मंदिर में 186वें रामलीला महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। रविवार को इस भव्य आयोजन में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आह्वान किया कि शहर की इस ऐतिहासिक रामलीला से नई पीढ़ी को भी अवश्य जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी समृद्ध परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से परिचित होकर उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए, क्योंकि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रविवार के मुख्य कार्यक्रम के दौरान रामलीला मंच पर कई प्रमुख और मनमोहक प्रसंगों का जीवंत मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला के दौरान हनुमान जी के लंका से लौटकर प्रभु श्रीराम को माता सीता की चूड़ामणि सौंपने और उनका संदेश सुनाने का सुंदर प्रसंग दिखाया गया। इसके पश्चात समुद्र पर रामसेतु निर्माण और रामेश्वरम में शिवलिंग स्थापना की लीला का मंचन किया गया। नल-नील द्वारा पत्थरों से सेतु निर्माण के प्रसंग ने वहां उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम के प्रारंभ में समिति के अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडेय ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का स्वागत किया। इस दौरान समिति की ओर से मंदिर परिसर में कराए गए विभिन्न सुधार कार्यों के लिए उपमुख्यमंत्री के प्रति विशेष आभार भी व्यक्त किया गया।

आंदोलनकारी की बिगड़ी तबीयत, जमीन, पर्यावरण और ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर विरोध जारी

न्यूक्लियर पावर प्लांट के विरोध में जल सत्याग्रह का तीसरा दिन,



रीवा। जिले के सिरमौर क्षेत्र अंतर्गत रोजौही में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का आंदोलन लगातार जारी है। परियोजना को लेकर ग्रामीणों की आपत्तियों और आशंकाओं के बीच आंदोलन के समर्थन में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा द्वारा शुरू किया गया जल सत्याग्रह सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इसी बीच आंदोलनकारी बबली कोल की तबीयत बिगड़ने की सूचना सामने आने के बाद आंदोलन स्थल पर चिंता बढ़ गई है। आंदोलनकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। बता दे रोजौही में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट को लेकर ग्रामीणों का विरोध अब जल सत्याग्रह के रूप में भी सामने आ रहा है। आंदोलनकारियों का कहना है कि परियोजना से जुड़े जमीन, पर्यावरण और स्थानीय लोगों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण सवालों पर स्पष्ट जवाब मिलना चाहिए। ग्रामीण चाहते हैं कि परियोजना से संबंधित निर्णयों में उनकी चिंताओं और आपत्तियों को गंभीरता से सुना जाए।

दशहरे पर रीवा में बदलेगा ट्रैफिक प्लान, भारी वाहनों की एंट्री बंद, बसों के लिए अलग रूट, शाम 4 बजे से रात 2 बजे तक डायवर्सन

रीवा। विजयादशमी पर शहर में दशहरा उत्सव और दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। आज मंगलवार को शाम 4 बजे से रात 2 बजे तक शहर के कई प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रतिबंध लागू रहेंगे। इस दौरान बसों के आवागमन के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं, जबकि चार पहिया वाहनों, ऑटो और ई-रिक्शा के लिए भी डायवर्सन व्यवस्था लागू रहेगी। दशहरा उत्सव के दौरान शहर में भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। जिन भारी वाहनों को शहर में माल लोड या अनलोड करना है, उन्हें रात 2 बजे के बाद ही प्रवेश की अनुमति मिलेगी। वहीं, कार्यक्रम में आने वाले लोगों के वाहनों की पार्किंग के लिए पांच स्थान निर्धारित किए गए हैं। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए भी अलग-अलग मार्ग तय किए गए हैं, ताकि विसर्जन जुलूसों के दौरान आम लोगों को परेशानी न हो और यातायात व्यवस्था बनी रहे।बॉक्स *बसों के लिए अलग-अलग रूट निर्धारित*सतना से नए बस स्टैंड आने वाली बसें बायपास से गुजरेंगी। सतना की ओर से आने वाली जिन बसों को नए बस स्टैंड पहुंचना है, वे चोरहटा से बायपास का उपयोग करते हुए नए बस स्टैंड पहुंचेंगी। वहीं, सतना की ओर से पुराने बस स्टैंड आने वाली बसें केवल पुराने बस स्टैंड तक ही आ सकेंगी। पुराने बस स्टैंड से आगे नए बस स्टैंड की ओर बसों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। पुराने बस स्टैंड से नए बस स्टैंड जाने वाली बसों को ढेकहा से करहिया मंडी के सामने वाले मार्ग से होते हुए सार्किन बायपास पर चढ़ना होगा। इसके बाद बायपास के रास्ते नए बस स्टैंड पहुंच सकेंगी।इसी तरह नए बस स्टैंड से सतना, मैहर, जबलपुर, कटनी, भोपाल, ग्वालियर और इंदौर की ओर जाने वाली बसों को भी बायपास का उपयोग करना होगा। इन बसों के लिए नए बस स्टैंड से रतहरा बायपास का मार्ग निर्धारित किया गया है।बॉक्स *पांच स्थानों पर होगी पार्किंग व्यवस्था*दशहरा उत्सव में शामिल होने के लिए आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चार पहिया और दो पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थान तय किए गए हैं। मार्तंड स्कूलः चार पहिया वाहनों की पार्किंग,ऑडिटोरियमः चार पहिया और दो पहिया वाहनों की पार्किंग,कलेक्ट्रेट दो पहिया वाहनों की पार्किंग,एसडीएम कार्यालय में वीआईपी पार्किंग,अटल पार्क चार पहिया और दो पहिया वाहनों की पार्किंग।बॉक्स *रेलवे स्टेशन जाने के लिए भी बदलेगा रास्ता*रेलवे स्टेशन से आने वाले चार पहिया वाहन, ऑटो और ई-रिक्शा जयस्तंभ से वेंकट रोड के रास्ते आगे जा सकेंगे।वहीं, सिरमौर चौराहे या नए बस स्टैंड की ओर से रेलवे स्टेशन जाने वाले वाहन चालकों के लिए दो वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। पहला मार्ग सिरमौर चौराहा फ्लाईओवर से बोदाबाग, करहिया रोड और ढेकहा होते हुए रेलवे स्टेशन तक जाएगा। दूसरे मार्ग में सिरमौर चौराहे से अमहिया अस्पताल चौराहा, प्रकाश चौराहा, घोड़ा चौराहा और जयस्तंभ होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचा जा सकेगा।बॉक्स *इन मार्गों पर चार पहिया वाहन, ऑटो और बसों का प्रवेश प्रतिबंधित*दशहरा उत्सव के दौरान भीड़ और यातायात के दबाव को नियंत्रित करने के लिए शहर के कुछ प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।मार्तंड तिराहे से एनसीसी ग्राउंड की ओरः सभी प्रकार के चार पहिया वाहन, ऑटो, ई-रिक्शा और बसों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सिरमौर चौराहे से कॉलेज चौराहे की ओरः चार पहिया वाहन, ऑटो, ई-रिक्शा और बसें नहीं जा सकेंगी।शिल्पी प्लाजा से कॉलेज चौराहे की ओरः रसिया मोहल्ला के रास्ते चार पहिया वाहनों, ऑटो और ई-रिक्शा का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। डीआईजी बंगले के मोड़ पर सिविल लाइन की ओर से आने वाले दो पहिया और चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।इन प्रतिबंधों के कारण वाहन चालकों को निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना होगा।

3.77 हेक्टेयर क्षेत्र में निर्माणाधीन कंटूर ट्रेंच कार्य का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम चपहनी पहुंचकर विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कंटूर ट्रेंच कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों से कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं ग्रामीणों को मिल रहे रोजगार के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान एसपी अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमति हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम कटनी जीतेन्द्र पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।ग्राम चपहनी में लगभग 3.77 हेक्टेयर क्षेत्र में कंटूर ट्रेंच का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य की कुल लागत 5 लाख 54 हजार रुपये है। कलेक्टर श्री तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार कार्य कराने के निर्देश दिए।योजना के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके तहत ग्रामीणों को 15 दिवस का रोजगार मिलता है तथा किए गए कार्य के अनुसार मानदेय भी प्राप्त होता है। इससे ग्रामीणों को रोजगार के साथ-साथ अपने ही क्षेत्र में आजीविका का साधन उपलब्ध हो रहा है। इसके अलावा कंटूर ट्रेंच जैसे कार्यों से ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही मृदा एवं जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। ऐसे कार्य वर्षा जल को रोकने और भूमि की नमी बनाए रखने में सहायक होते हैं।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने दशहरा तथा मूर्ति विसर्जन की तैयारी का लिया जायजा



रीवा । रीवा जिले में नवरात्रि और दशहरा धूमधाम से मनाया जा रहा है।जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह टीआरएस कॉलेज के एनसीसी मैदान में होगा, जिसमें 55 फुट के रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह ने एनसीसी परेड मैदान में आयोजित बैठक में दशहरा समारोह की तैयारी का जायजा लिया। दशहरा आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रीवा में परंपरा के अनुसार दशहरा उत्सव उल्लास से मनाया जाएगा। रावण दहन तथा चल समारोह के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। मुख्य समारोह स्थल पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा एंबुलेंस सहित उपचार टीम भी तैनात की गई है। वाहनों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके बाद कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक ने देवी प्रतिमाओं के विसर्जन स्थलों करहिया घाट और छतुरिहा घाट बिछिया का भ्रमण किया। कलेक्टर ने कहा कि विसर्जन स्थल पर गोताखोर और तैराक तैनात रखें। नगर निगम सफाई तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था करें।राहत और बचाव दल को टॉर्च, रस्सी तथा अन्य उपकरणों के साथ घाटों पर तैनात करें। घाट पर मूर्तियों की विसर्जन के लिए क्रमबद्ध व्यवस्था करें। मूर्ति विसर्जन करने वालों को अधिक समय तक घाट पर रुकने न दें। किसी को भी गहरे पानी में न जाने दें। विसर्जन स्थल पर पुलिस राजस्व और नगर निगम की टीम पूरे समय तैनात रहेगी। मूर्ति विसर्जन के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कॉलेज चौराहे में सड़क निर्माण के कारण करहिया घाट में मूर्ति विसर्जन के लिए ट्रैफिक की नई व्यवस्था की गई है। वाहनों को एक और से आने और दूसरी ओर से जाने दिया जाएगा, जिससे जाम की स्थिति न बने। चौराहों पर पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। बड़ी मूर्तियों का विसर्जन करहिया में घाट नंबर दो पर किया जाएगा। यहां जेसीबी मशीन और हाइड्रा की व्यवस्था भी रहेगी। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन केवल निर्धारित स्थलों पर ही करें इन स्थलों पर सुरक्षा के पूरे प्रबंध किए गए हैं। असुरक्षित स्थान पर मूर्ति विसर्जन करने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता,आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन, एसडीएम हुजूर जितेंद्र तिवारी, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भावना मरावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक, डीएसपी यातायात सत्य प्रकाश मिश्रा तथा दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शासकीय योजनाओं में लंबित शिकायतों का तत्परता से करे निराकरण : कलेक्टर

कलेक्टर ने अधिकारियों से प्राप्त किया परिचय - ली परिचयात्मक बैठक



मऊगंज। कलेक्टर राजेश कुमार ओगरे ने पदभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक लेकर विभागीय कार्यों, शासकीय योजनाओं की प्रगति एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा लंबित शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की नियमित समीक्षा करने और आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कलेक्टर ने सड़कों एवं हाईवे पर विचरण करने वाले आवारा गोवंश को निकटतम गौशालाओं में पहुंचाने तथा उनके गले एवं सींगों पर रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगाने के निर्देश दिए। साथ ही रात्रि एवं प्रातःकालीन समय में निगरानी के लिए स्थानीय स्तर पर पशु दल गठित कर नियमित गश्त कराने को कहा। बैठक में अपर कलेक्टर पी.के. पांडेय, एसडीएम मऊगंज श्रीमती रश्मि चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।